**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

**अभ्यास प्रश्न पत्र**

**कक्षा XII (2023–24)**

**हिंदी (ऐच्छिक) (002)**

**अधिकतम अंक–80** **अवधि: 3 घंटे**

**सामान्य निर्देश:–**

- **इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं। खंड 'अ' में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड 'ब' में वस्तुनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।**
- **प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 14 है और सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।**
- **खंड 'अ' में 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के साथ दिए गए उचित विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।**

| प्रश्न संख्या | खंड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)<br>अपठित बोध | अंक |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**<br>भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता रही है –'अनेकता में एकता'। यद्यपि ऊपरी तौर पर भारत के विभिन्न प्रदेशों में पर्याप्त भिन्नता दिखाई देती है ,तथापि अपने आचार– विचार की एकता के कारण यहाँ सामाजिक संस्कृति का रूप देखने को मिलता है। यही कारण है कि विभिन्नताओं के होते हुए भी भारत सदियों से एक भौगोलिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इकाई के रूप में विश्व में अपना स्थान बनाए हुए है। इसलिए भारत में अनेकता में एकता के सदैव दर्शन होते हैं। भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिकता और भौतिकता दोनों का ही मिश्रण रहा है। अतः इसकी प्राचीनता, इसकी गतिशीलता, इसका लचीलापन, इसकी ग्रहणशीलता, इसका सामाजिक स्वरुप और अनेकता में निहित एकता ही इसकी प्रमुख विशेषता है। इस विशेषता के कारण ही भारतीय संस्कृति विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। भारतीय संस्कृति का इतिहास बहुत ही प्राचीन है। वास्तव में संस्कृति का निर्माण एक लम्बी परम्परा के बाद होता है। संस्कृति वस्तुतः विचार और आचरण के नियम और मूल्य हैं, जिन्हें कोई समाज अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जा सकता है कि इसे हम अपने अतीत से विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहे तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन –शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है जो परम्परा से चली आती रही है। प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है, परन्तु इसमें भेद है। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान होता है अर्थात सभ्यता का अनुमान सुख–सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके विपरीत संस्कृति में आचार और विचार पक्ष की प्रधानता होती है। इस प्रकार 'सभ्यता'को शरीर माना जा सकता है और 'संस्कृति' को आत्मा, इसलिए इस दोनों को अलग –अलग नहीं देखा जा सकता। वास्तव में दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। | **1X10=<br>10** |
| **(I)** | गद्यांश में सामाजिक विरासत किसे कहा गया है ?<br>(क) संस्कृति को<br>(ख) भौतिक पक्ष को<br>(ग) विचारों को | |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) आचरण को | |
| **(II)** | भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता किसे माना गया है ?<br>(क) सामाजिक इतिहास को<br>(ख) अनेकता में एकता को<br>(ग) प्राचीन इतिहास को<br>(घ) सभ्यता एवं संस्कृति को | |
| **(III)** | भारत में सामाजिक संस्कृति का रूप दिखाई पड़ने का क्या कारण है ?<br>(क) धार्मिकता<br>(ख) विभिन्नता<br>(ग) एकता<br>(घ) विविधता | |
| **(IV)** | भारतीय संस्कृति किसका मिश्रण है ?<br>(क) प्राचीनता का<br>(ख) आध्यात्मिकता और भौतिकता का<br>(ग) आध्यात्मिकता का<br>(घ) भौतिकता का | |
| **(V)** | गद्यांश के अनुसार भारतीय संस्कृति की विशिष्टता नहीं है –<br>(क) गतिशीलता<br>(ख) ग्रहणशीलता<br>(ग) स्थिरता<br>(घ) लचीलापन | |
| **(VI)** | सभ्यता का अनुमान किससे लगाया जा सकता सकता है ?<br>(क) भीतरी उन्नति से<br>(ख) परोपकारिता से<br>(ग) व्यावहारिकता से<br>(घ) भौतिक सुख–सुविधाओं से | |
| **(VII)** | आचार और विचार पक्ष की प्रधानता किस में होती है ?<br>(क) इतिहास में<br>(ख) भौतिकता में<br>(ग) संस्कृति में<br>(घ) सभ्यता में | |
| **(VIII)** | प्रस्तुत गद्यांश में एक दूसरे का पूरक किसे बताया गया है ?<br>(क) शरीर और आत्मा को<br>(ख) प्राचीनता और आधुनिकता का<br>(ग) सभ्यता और संस्कृति को<br>(घ) अनेकता और एकता को | |


https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| **(IX)** | किस विशेषता के कारण भारतीय संस्कृति विश्व में अपना विशेष स्थान रखती है ?<br>(क) सामाजिकता<br>(ख) आधुनिकता<br>(ग) भौतिकता<br>(घ) अनेकता में एकता | |
| **(X)** | अतीत से विरासत के रूप में हम किसे प्राप्त करते हैं ?<br>(क) संस्कृति को<br>(ख) अनेकता को<br>(ग) विचार को<br>(घ) जीवन को | |
| **प्रश्न 2.** | **दिए गए काव्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**<br>मैंने गढ़े<br>ताकत और उत्साह से<br>भरे–भरे<br>कुछ शब्द<br>जिन्हें छीन लिया मठाधीशों ने<br>दे दिया उन्हें धर्म का झंडा<br>उन्मादी हो गए<br>मेरे शब्द<br>तलवार लेकर<br>मिटाने लगे<br>अपना ही वजूद<br>फिर रचे मैंने<br>इंसानियत से लबरेज<br>ढेर सारे शब्द<br>अबकी उन्हें अगवा कर लिया<br>सफेदपोश लुटेरों ने<br>और दबा दिया उन्हें<br>कुर्सी के पाये तले<br>असहनीय दर्द से चीख रहे हैं<br>मेरे शब्द और वे<br>कर रहे हैं अट्टहास<br>अब मैं गढ़ूँगी<br>बोऊँगी उन्हें<br>निराई गुड़ाई और<br>खाद–पानी से | **1X8=8** |

DOE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | लहलहा उठेगी फ़सल<br>तब कोई मठाधीश<br>कोई लुटेरा<br>नहीं छीन पाएगा उन्हें<br>छीनने की कोशिश में भी<br>गिर ही जाएँगे कुछ दाने<br>और समय आने पर<br>फिर उगेंगे वे<br>एक बार<br>दो बार<br>बार–बार<br>लगातार उगेंगे<br>मेरे शब्द | |
| **(I)** | मठाधीशों ने उत्साह भरे शब्दों को क्यों छीना ?<br>(क) धार्मिक उन्माद जगाने के लिए<br>(ख) धर्म से दूर करने के लिए<br>(ग) धर्म का अर्थ स्पष्ट करने के लिए<br>(घ) उत्साह जगाने के लिए | |
| **(II)** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए<br>(I) तलवार शब्द आत्मघात की ओर संकेत करता है।<br>(II) तलवार शब्द सुरक्षा की ओर संकेत करता है।<br>(III) तलवार शब्द निष्क्रिय की ओर संकेत करता है।<br>उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा / कौन–से सही है/ हैं?<br>(क) केवल II<br>(ख) केवल I<br>(ग) केवल III<br>(घ) I और III | |
| **(III)** | कवयित्री किस उम्मीद से शब्दों को बो रही है?<br>(क) सही अर्थ प्राप्त करने की<br>(ख) अलग अर्थ प्राप्त करने की<br>(ग) विकल्प (क) और (ख)<br>(घ) विपरीत अर्थ प्राप्त करने की | |
| **(IV)** | पंक्तियों में 'वे' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?<br>(क) राजा के लिए<br>(ख) जनता के लिए | |

DoE, Delhi



https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) नेताओं के लिए<br>(घ) किसान के लिए | |
| **(V)** | कवि बाधाओं को दूर करने हेतु क्या बनने के लिए कहता है?<br>(क) सक्रिय<br>(ख) कालजयी<br>(ग) साधारण मनुष्य<br>(घ) कालकूट | |
| **(VI)** | इंसानियत से भरे ढेर सारे शब्दों को किसने अगवा कर लिया है?<br>(क) कवयित्री ने<br>(ख) नेताओं ने<br>(ग) किसानों ने<br>(घ) मजदूरों ने | |
| **(VII)** | प्रस्तुत काव्यांश में 'कुर्सी' किसका प्रतीक है?<br>(क) लोकतंत्र का<br>(ख) सत्ता का<br>(ग) प्रजा का<br>(घ) सफेदपोश लोगों का | |
| **(VIII)** | प्रस्तुत काव्यांश का मूल संदेश है–<br>(क) साहित्य के प्रति विद्रोह<br>(ख) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता<br>(ग) समानता का अधिकार<br>(घ) प्रजातंत्र का विरोध | |
| | **अभिव्यक्ति और माध्यम** | |
| **प्रश्न 3.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** | **1X5=5** |
| **(I)** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–<br>(I) विशेष लेखन से समाचार–पत्रों में विविधता आती है और उनका कलेवर बढ़ता है।<br>(II) विशेष लेखन मनोरंजन रहित एकांगी दृष्टिकोण वाला होता है।<br>(III) पाठकों की जिज्ञासा शांत करने के लिए विशेष लेखन किया जाता है।<br>इन कथनों में कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?<br>(क) केवल (I)<br>(ख) केवल (II)<br>(ग) (I) और (III) दोनों<br>(घ) (I), (II) तथा (III) | |
| **(II)** | उचित मिलान को दर्शाने वाले विकल्प का चयन कीजिए–<br>**अ** **ब** | |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | (I) सिनेमा — (I) दृश्य माध्यम<br>(II) ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना — (II) मार्कोनी<br>(III) रेडियो का आविष्कार — (III) 1936<br>(IV) समाचार पत्र — (IV) प्रिंट माध्यम<br>(क) (I)–(I), (II)–(II), (III)–(III), (IV)–(IV)<br>(ख) (I)–(IV), (II)–(I), (III)–(II), (IV)– (III)<br>(ग) (I)–(I), (II)–(III), (III)–(II), (IV)– (IV)<br>(घ) (I)–(II), (II)–(III), (III)–(II), (IV)– (I) | |
| **(III)** | संवाददाताओं के बीच काम का बँटवारा उनके ज्ञान एवं रुचि के आधार पर किया जाता है, मीडिया की भाषा में इसे क्या कहते हैं?<br>(क) सेक्शन<br>(ख) बीट<br>(ग) चैम्बर<br>(घ) पिरामिड | |
| **(IV)** | कहानी का केन्द्रबिन्दु क्या होता है?<br>(क) पात्र<br>(ख) देशकाल<br>(ग) कथानक<br>(घ) संवाद | |
| **(V)** | मनोरंजक ढंग से लिखा गया प्रासंगिक लेख अथवा नवीन घटनाओं का शब्द–चित्र होता है –<br>(क) समाचार<br>(ख) फीचर<br>(ग) संपादकीय<br>(घ) रिपोर्टिंग | |
| | **पाठ्यपुस्तक अंतरा भाग–2** | |
| **प्रश्न 4.** | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन कीजिए –**<br>यह दीप अकेला स्नेह भरा<br>है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो।<br>यह जन है गाता गीत जिन्हें फिर और कौन गाएगा?<br>पनडुब्बा – ये मोती सच्चे फिर कौन कृति लाएगा?<br>यह समिधा – ऐसी आग हठीला बिरला सुलगाएगा।<br>यह अद्वितीय – यह मेरा यह मैं स्वयं विसर्जित –<br>यह दीप, अकेला, स्नेह भरा<br>है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो। | **1X5=5** |
| **(I)** | प्रस्तुत काव्यांश में दीपक किसका प्रतीक है? | |

DoE, Delhi



https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | (क) समष्टि का<br>(ख) समाज का<br>(ग) व्यष्टि का<br>(घ) संसृति का | |
| **(II)** | व्यक्ति की शक्ति किसके साथ बढ़ सकती है?<br>(क) अकेले रहकर<br>(ख) समाज से जुड़कर<br>(ग) समाज का त्याज्य कर<br>(घ) सत्ता के साथ रहकर | |
| **(III)** | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–<br>(I) यद्यपि दीपक स्नेह और गर्व में मदमाता होकर झूम रहा है, पर उसकी व्यक्तिगत सत्ता का कोई महत्त्व नहीं है।<br>(II) व्यष्टि जब समष्टि का अंग बनता है, समाज के लिए कुछ करता है तभी उसको महत्ता प्राप्त होती है।<br>(III) कवि ने दीप के माध्यम से व्यक्ति और ईश्वर के सम्बन्धों को व्यंजित किया है।<br>इन कथनों में कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?<br>(क) केवल (I)<br>(ख) केवल (II)<br>(ग) (I) और (II)<br>(घ) (I), (II) तथा (III) | |
| **(IV)** | व्यक्ति की तुलना समिधा से क्यों की गई है?<br>(क) क्योंकि व्यक्ति समिधा की भांति अन्य लकड़ियों की अपेक्षा अद्वितीय है<br>(ख) क्योंकि समिधा हवन रुपी अग्नि में जलकर प्रकाश फैलाती है<br>(ग) क्योंकि व्यक्ति समिधा की भांति नश्वर है<br>(घ) क्योंकि व्यक्ति समाज के लिए अनुपयोगी है | |
| **(V)** | समाज की गहराइयों में डुबकी लगाकर मोतीरूपी भावनाओं को बाहर का काम कौन करता है?<br>(क) गोताखोर<br>(ख) व्यक्ति<br>(ग) समाज<br>(घ) पनडुब्बा | |
| **प्रश्न 5.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निर्देशानुसार उचित विकल्प का चयन कीजिए–**<br>एक मिल मालिक के दिमाग में अजीब अजीब ख्याल आया करते थे जैसे सारा संसार मिल हो जाएगा, सारे लोग मजदूर और वह उनका मालिक या मिल में और चीज़ों की तरह आदमी भी बनने लगेंगे, तब मज़दूरी भी नहीं देनी पड़ेगी, वगैरा वगैरा। एक दिन उसके दिमाग में ख्याल आया कि अगर मज़दूरों के चार हाथ हों तो काम कितनी तेज़ी से हो और मुनाफा कितना ज़्यादा। लेकिन यह काम करेगा कौन? उसने सोचा, वैज्ञानिक करेंगे, ये हैं किस मर्ज की दवा? उसने यह काम करने के लिए बड़े वैज्ञानिकों को मोटी तनख्वाहों पर नौकर रखा और वे नौकर हो गए। कई साल तक शोध और प्रयोग करने के बाद वैज्ञानिकों ने कहा ऐसा असम्भव कि आदमी के चार हाथ हो | **1X5=5** |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | जाएँ। | |
| **(I)** | मिल मालिक के दिमाग में मजदूरों के चार हाथ लगवाने का ख्याल क्यों आया?<br>(क) कम समय में अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से<br>(ख) मजदूरों का कार्य सरल करने के उद्देश्य से<br>(ग) वैज्ञानिकों को कोई न कोई काम देने के लिए<br>(घ) मिल के अजायबघर में रखवाने के लिए | |
| **(II)** | मिल मालिक के ख्याल पर किसने पानी फेर दिया?<br>(क) मज़दूरो ने<br>(ख) वैज्ञानिकों ने<br>(ग) नौकरों ने<br>(घ) उपर्युक्त सभी ने | |
| **(III)** | मिल मालिक द्वारा मज़दूरों के चार हाथ लगवाने के क्या उद्देश्य था?<br>(क) काम को शीघ्रता से करवाना<br>(ख) उत्पादन बढ़ाना<br>(ग) मज़दूरों को ताकतवर बनाना<br>(घ) क व ख दोनों | |
| **(IV)** | वैज्ञानिकों को नौकर किसने बनाया?<br>(क) शोषितों ने<br>(ख) पूंजीपति ने<br>(ग) विज्ञान ने<br>(घ) क और ख दोनों | |
| **(V)** | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–<br>कथन (A): कई साल तक शोध और प्रयोग करने के बाद वैज्ञानिकों ने कहा ऐसा असम्भव कि आदमी के चार हाथ हो जाएँ।<br>कारण (R): वैज्ञानिक चापलूस थे और वे सिर्फ मिल मालिक की जी हजूरी किया करते थे।<br>(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है। | |
| | **पाठ्यपुस्तक अंतराल भाग–2** | |
| **प्रश्न 6.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए –** | **1X7=7** |
| **(I)** | मिठुआ के प्रश्न– "दादा, अब हम कहाँ रहेंगे ?" के उत्तर में सूरदास का कथन – "दूसरा घर बनाएँगे।" सूरदास की किस अभिवृत्ति को दर्शाता है? | |



DoE, Delhi
https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | (क) निष्ठुर स्वभाव<br>(ख) दृढ़ आत्म विश्वास<br>(ग) पलायन स्वभाव<br>(घ) कर्तव्य–विमूढ़ता | |
| **(II)** | 'सूरदास विजय गर्व की तरंग में राख के ढेर को दोनों हाथों से उड़ाने लगा' इसका क्या कारण था?<br>(क) झोपड़ी की राख को साफ़ करना चाहता था।<br>(ख) राख से खेलना चाहता था।<br>(ग) जीवन मर्म समझने के कारण उसका दुःख समाप्त हो गया था।<br>(घ) सूरदास धन के घमंड से भर गया था। | |
| **(III)** | कथन (A): यह फूस की राख न थी, उसकी अभिलाषाओं की राख थी।<br>कारण (R): सूरदास ने भैरों की झोंपड़ी में आग लगा दी और उसके अरमानों पर पानी फेर दिया।<br>(क) कथन (A) सही है और कारण (R) सही व्याख्या है।<br>(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) सही व्याख्या नहीं है। | |
| **(IV)** | कथन (A): फूल केवल गंध ही नहीं देते, दवा भी करते हैं।<br>कारण (R): सुगंधित फूलों का उपयोग अनेक प्रकार की बीमारियों को ठीक करने में किया जाता है।<br>(क) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) सही व्याख्या नहीं है।<br>(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) सही व्याख्या है। | |
| **(V)** | जिसको आज विकास की औद्योगिक सभ्यता कहा जाता है, वह वास्तव में विकास की नहीं ------ है।<br>(क) उजाड़ की सभ्यता<br>(ख) उजाड़ की अपसभ्यता<br>(ग) उजाड़ की उपसभ्यता<br>(घ) विनाश की सभ्यता | |
| **(VI)** | निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–<br>(I) सिमरोल – चोरल नदी<br>(II) केवड़ेश्वर – शिप्रा नदी<br>(III) जानापाव पर्वत – चम्बल नदी<br>(IV) विंध्य– यमुना नदी<br>इन युग्मों में से कौन से सही सुमेलित हैं?<br>(क) केवल (I)<br>(ख) (I) और (III) दोनों | |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) केवल (IV)<br>(घ) (I), (II) और (III) | |
| **(VII)** | 'बिस्कोहर की माटी' की विधा है–<br>(क) जीवनी<br>(ख) संस्मरण<br>(ग) रेखाचित्र<br>(घ) आत्मकथा | |
| | **खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **प्रश्न 7.** | **निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए–**<br>(I) दिखावे की संस्कृति<br>(II) जैसे ही मैंने बस पकड़ी<br>(III) मधुर वचन हैं औषधि, कटुक वचन हैं तीर | **5X1=5** |
| **प्रश्न 8.** | **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए–** | **3X2=6** |
| **(I)**<br>**(II)**<br><br>**(III)** | 'संवाद नाटक के प्राण होते हैं?" सिद्ध कीजिए।<br>'कहानी साहित्य की एक ऐसी विधा है जो अपने सीमित क्षेत्र में पूर्ण, स्वतंत्र एवं प्रभावशाली है।' इस कथन के आलोक में कहानी की विशेषताओं को स्पष्ट करें।<br>कविता हमें जीने की कला सिखाती है। स्पष्ट कीजिए। . | |
| **प्रश्न 9.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए–** | **3X2=6** |
| **(I)**<br>**(II)** | बीट रिपोर्टिंग और विशेषीकृत रिपोर्टिंग में अंतर की स्पष्ट करें।<br>फ़ीचर लेखन की आवश्यकता क्यों होती है? | |
| **प्रश्न 10.** | **निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** | **2X2=4** |
| **(I)**<br>**(II)**<br>**(III)** | 'कार्नेलिया का गीत' कविता में कवि ने भारत भूमि के प्राकृतिक सौंदर्य को किस प्रकार व्यक्त किया है?<br>विद्यापति के पद 'सखि अनकर दुख दारुन रे जग के पतिआए' के द्वारा नायिका क्या कहना चाहती है?<br>'वसन्त आया' कविता में कवि की चिन्ता क्या है ? | |
| **प्रश्न 11.** | **निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –** | **6X1=6** |
| | तोड़ो तोड़ो तोड़ो<br>ये ऊसर बंजर तोड़ो<br>ये चरती परती तोड़ो<br>सब खेत बनाकर छोड़ो<br>मिट्टी में रस होगा ही जब वह पोसेगी बीज को<br>हम इसको क्या कर डालें इस अपने मन की खीज को?<br>गोड़ो गोड़ो गोड़ो<br>**अथवा**<br>देखा विवाह आमूल नवल, | |



https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| | तुझ पर शुभ पड़ा कलश का जल।<br>देखती मुझे तू हँसी मंद,<br>होठों में बिजली फँसी स्पंद<br>उर में भर झूली छबि सुन्दर<br>प्रिय की अशब्द शृंगार–मुखर<br>तू खुली एक–उच्छ्वास–संग,<br>विश्वास–स्तब्ध बँध अंग–अंग<br>नत नयनों से आलोक उतर<br>काँपा अधरों पर थर–थर–थर।<br>देखा मैंने, वह मूर्ति–धीति<br>मेरे वसंत की प्रथम गीति | |
| **प्रश्न 12.** | **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नो के उत्तर दीजिए–** | **2X2=4** |
| **(I)**<br><br>**(II)**<br><br>**(III)** | "संवाद पहुँचाने का काम सभी नहीं कर सकते। आदमी भगवान के घर से संवदिया बनकर आता है।" क्या आप कहानीकार के इस कथन से सहमत हैं? तर्क सहित उत्तर लिखिए।<br>'जब आदमी उजड़ेगा तो पेड़ हरे–भरे रहकर क्या करेंगे? इसी कारण आम के पेड़ों पर न तो बौर आता है, न फल लगते हैं।' इस कथन के आलोक में मनुष्य और प्रकृति के संबंधों पर प्रकाश डालिए।<br>'मनोकामना की गाँठ भी अद्भुत अनूठी है, इधर बाँधो उधर लग जाती है।' कथन के आधार पर पारो की मनोदशा का वर्णन कीजिए। | |
| **प्रश्न 13.** | **निम्नलिखित गद्यांश में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –** | **6X1=6** |
| | धर्म के दस लक्षण वह सुना गया, नौ रसों के उदाहरण दे गया। पानी के चार डिग्री के नीचे शीतता में फैल जाने के कारण और उससे मछलियों की प्राणरक्षा को समझा गया, चंद्रग्रहण का वैज्ञानिक समाधान दे गया, अभाव को पदार्थ मानने न मानने का शास्त्रार्थ कह गया और इग्लैंड के राजा आठवें हेनरी की स्त्रियों के नाम और पेशवाओं का कुर्सीनामा सुना गया। यह पूछा गया कि तू क्या करेगा। बालक ने सीखा सिखाया उत्तर दिया कि मैं यावज्जन्म लोकसेवा करूँगा। सभा वाह–वाह करती सुन रही थी, पिता का हृदय उल्लास से भर रहा था।<br>**अथवा**<br>बलिहारी है इस मादक शोभा की। चारों ओर कुपित यमराज के दारुण निःश्वास के समान धधकती लू में यह हरा भी है और भरा भी है, दुर्जन के चित्त से भी अधिक कठोर पाषाण की कारा में रुद्ध अज्ञात जलस्रोत से बरबस रस खींचकर सरस बना हुआ है और मूर्ख के मस्तिष्क से भी अधिक सूने गिरि कांतार में भी ऐसा मस्त बना है कि ईर्ष्या होती है। कितनी कठिन जीवनी–शक्ति है। प्राण ही प्राण को पुलकित करता है, जीवनी–शक्ति ही जीवनी शक्ति को प्रेरणा देती है। | |
| **प्रश्न 14.** | **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए–** | **3X1=3** |
| **(I)**<br><br>**(II)** | 'संगीत, गंध, बच्चे – बिसनाथ के लिए सबसे बड़े सेतु हैं, काल, इतिहास को पार करने के।' प्रस्तुत कथन के आधार पर बताएँ कि गंध के संबंध से बिसनाथ किस तरह जुड़ा हआ है?'<br>नदी का सदानीरा रहना जीवन के स्रोत का सदा जीवित रहना है।' – इस कथन का परीक्षण कीजिए। | |

DoE Delhi